www.upscstudymaterials.com www.upscstudymaterials.com

PAPER-III
HINDI

Signature and Name of Invigilator

1. (Signature) _____
   (Name) _____
2. (Signature) _____
   (Name) _____

OMR Sheet No. : .....
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No._____
(In words)

J 2 0 1 2

Time : **2 1/2** hours] [Maximum Marks : **150**

Number of Pages in this Booklet : **08**

Number of Questions in this Booklet : **75**

Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of seventy five multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   Example : (A) (B) ● (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and Original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**

परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचहत्तर बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   उदाहरण : (A) (B) ● (D)
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएँगे ।**

www.upscstudymaterials.com www.upscstudymaterials.com

UGC NET/JRF

JUNE-2012

हिन्दी

प्रश्नपत्र – III

निर्देश : इस प्रश्नपत्र में **पचहत्तर (75)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

1. ब्रजभाषा का विकास किससे हुआ ?
(A) मागधी (B) पैशाची
(C) शौरसैनी (D) अर्धमागधी

2. अपभ्रंश की उत्तरकालीन अवस्था का नाम है :
(A) पालि (B) प्राकृत
(C) संस्कृत (D) अवहट्ठ

3. अपभ्रंश में कुल कितने स्वर थे ?
(A) आठ (B) बारह
(C) दस (D) नौ

4. 'मगही' किस हिन्दी प्रदेश की बोली है ?
(A) मध्यप्रदेश (B) बिहार
(C) राजस्थान (D) छत्तीसगढ़

5. भाषाओं के पारिवारिक वर्गीकरण का आधार है :
(A) रूपरचना (B) ध्वनि
(C) इतिहास (D) अर्थ

6. पुष्पदंत किस शताब्दी के कवि थे ?
(A) आठवीं शताब्दी (B) सातवीं शताब्दी
(C) दसवीं शताब्दी (D) ग्यारहवीं शताब्दी

7. 'दोहाकोश' किसकी रचना है ?
(A) विद्याधर (B) सरहपा
(C) पुष्पदंत (D) शबरपा

8. 'काव्य की रीति सिखी सुकबीन सों देखी सुनी बहुलोक की बातें' – इस काव्योक्ति के कवि हैं :
(A) केशवदास (B) मतिराम
(C) पद्माकर (D) भिखारीदास

9. "हरि रस पीया जानिए, जे कबहूं न जाय खुमार ।
मैमंता घूमत फिरै, नाहीं तन की सार ।। " – इन काव्य पंक्तियों के कवि हैं
(A) सूरदास (B) कबीरदास
(C) रसखान (D) नन्ददास

10. देवकवि की रचना है :
(A) काव्यनिर्णय (B) रसराज
(C) श्रृंगार निर्णय (D) भावविलास

11. 'साहित्य लहरी' के रचनाकार हैं :
(A) तुलसीदास (B) सूरदास
(C) कृष्णदास (D) सुन्दरदास

12. अष्टछाप की स्थापना किसने की ?
(A) विट्ठलनाथ (B) वल्लभाचार्य
(C) सूरदास (D) रामानंद

13. सखी-सम्प्रदाय के संस्थापक हैं :
(A) हित हरिवंश (B) वल्लभाचार्य
(C) स्वामी हरिदास (D) मध्वाचार्य

14. गोस्वामी तुलसीदास की अन्तिम रचना कौन-सी है ?
(A) विनयपत्रिका (B) दोहावली
(C) कवितावली (D) हनुमानबाहुक

15. मृगावती किसकी रचना है ?
(A) उसमान (B) कुतुबन
(C) मंझन (D) जायसी

16. निम्नलिखित काव्योक्ति तुलसी की किस रचना से है ?
"श्रुति सम्मत हरिभक्ति पथ संजुत विरति विवेक ।"
(A) रामचरितमानस (B) कवितावली
(C) विनयपत्रिका (D) गीतावली

17. शब्दशक्ति के विषय में निम्नलिखित कथन किसका है ?
"अभिधा उत्तम काव्य है, मध्य लक्षणा हीन ।
अधम व्यंजना रस विरस, उलटी कहत नवीन ।।"
(A) केशवदास (B) भिखारीदास
(C) देवकवि (D) चिंतामणि

18. निम्नलिखित में से कौन सा मतिराम का ग्रंथ नहीं है ?
(A) रसराज (B) रसविलास
(C) ललित ललाम (D) छंदसार

19. निम्नलिखित में से कौन रीतिमुक्त कवि नहीं हैं ?
(A) बोधा (B) ठाकुर
(C) पद्माकर (D) आलम

20. 'चंडी चरित्र' किसकी रचना है ?
(A) गुरु गोविन्दसिंह (B) भूषण
(C) लालकवि (D) सूदन

21. "ज्यौं-ज्यौं बसे जात दूरि-दूरि प्रिय प्राण मूरि ।
त्यौं-त्यौं धसे जात मन मुकुर हमारे मैं ।।"
भ्रमरगीत प्रसंग से सम्बन्धित उपर्युक्त पंक्तियों के कवि हैं :
(A) नन्ददास
(B) सूरदास
(C) सत्यनारायण कविरत्न
(D) जगन्नाथदास रत्नाकर

22. निम्नलिखित में से किस गद्य कृति का निर्माण फोर्ट विलियम कॉलेज में हुआ था ?
(A) भाषा योग वाशिष्ठ
(B) भाषा पद्म पुराण
(C) नासिकेतोपाख्यान
(D) दृष्टान्त सागर

23. 'नि:सहाय हिंदू' उपन्यास के लेखक हैं :
(A) श्रीनिवास दास
(B) राधाकृष्ण दास
(C) बालकृष्ण भट्ट
(D) राधाचरण गोस्वामी

24. निम्नलिखित में से कौन सा नाटक श्रीनिवास दास का नहीं है ?
(A) रणधीर प्रेममोहिनी
(B) महारानी पद्मावती
(C) तप्ता-संवरण
(D) संयोगिता स्वयंवर

25. राजा लक्ष्मणसिंह ने 'अभिज्ञानशाकुन्तल' का अनुवाद कब किया ?
(A) 1863 ई. (B) 1880 ई.
(C) 1876 ई. (D) 1881 ई.

26. निम्नलिखित में से भारतेन्दु का कौन सा नाटक 'प्रबोध चन्द्रोदय' की प्रतीकात्मक शैली से प्रभावित है ?
(A) अंधेरी नगरी
(B) विषस्यविषमौषधम
(C) भारत दुर्दशा
(D) वैदिकी हिंसा हिंसा न भवति

27. बालकृष्ण भट्ट किसके सम्पादन कर्म से जुड़े थे ?
(A) ब्राह्मण (B) सरस्वती
(C) कविवचन सुधा (D) हिंदी प्रदीप

28. निम्नलिखित में से कौन सी रचना कृष्णकथा पर आधारित नहीं है ?
(A) प्रियप्रवास (B) अग्निलीक
(C) भ्रमरदूत (D) अंधायुग

29. 'शिवशंभू के चिट्ठे' के निबन्धकार हैं :
(A) बालमुकुन्द गुप्त
(B) बालकृष्ण भट्ट
(C) अध्यापक पूर्णसिंह
(D) चन्द्रधर शर्मा गुलेरी

30. "जो घनीभूत पीड़ा थी, मस्तक में स्मृति-सी छाई,
दुर्दिन में आँसू बनकर, वह आज बरसने आई ।"
उपर्युक्त काव्य-पंक्तियाँ किस कवि की हैं ?
(A) मैथिलीशरण गुप्त
(B) महादेवी वर्मा
(C) जयशंकर प्रसाद
(D) नरेन्द्र शर्मा

31. "धिक् ! धाए तुम यों अनाहूत,
धो दिया श्रेष्ठ कुल-धर्म धूत,
राम के नहीं, काम के सूत कहलाए ।"
उपर्युक्त काव्य-पंक्तियों का सम्बन्ध किस काव्य रचना से है ?
(A) साकेत
(B) तुलसीदास
(C) राम की शक्तिपूजा
(D) संशय की एक रात

32. 'कविता दो शब्दों के बीच की नीरवता में रहती है ।' काव्य-भाषा के सम्बन्ध में उपर्युक्त मत किसका है ?
(A) नामवरसिंह
(B) रामस्वरूप चतुर्वेदी
(C) शमशेर बहादुर सिंह
(D) अज्ञेय

33. 'अनन्तदेवी' प्रसाद के किस नाटक की पात्र है ?
(A) राज्यश्री (B) स्कन्दगुप्त
(C) ध्रुवस्वामिनी (D) विशाख

34. निम्नलिखित में से कौन सा खण्डकाव्य रामनरेश त्रिपाठी का नहीं है ?
(A) मिलन (B) पथिक
(C) नहुष (D) स्वप्न

35. 'मुन्नी मोबाइल' किसका उपन्यास है ?
(A) प्रदीप सौरभ (B) महुआ माजी
(C) ऋता शुक्ला (D) तुलसीराम

36. 'पिंजरे में मैना' किसकी आत्मकथा है ?
(A) चित्रा मुद्गल
(B) मैत्रेयी पुष्पा
(C) चन्द्रकिरण सोनेरिक्सा
(D) मृदुला गर्ग

37. 'मंगल का विधान करने वाले दो भाव हैं ।' – किसका कथन है ?
(A) श्यामसुंदर दास
(B) रामचन्द्र शुक्ल
(C) हजारीप्रसाद द्विवेदी
(D) नन्ददुलारे वाजपेयी

38. 'आलोचना का विषय कवि नहीं, कविता है ।' – किसका कथन है ?
(A) ड्राइडन
(B) टी.एस. इलियट
(C) क्रोचे
(D) लांजाइनस

www.upscstudymaterials.com

39. "सत्त्वोद्रेकाद खण्ड स्वप्रकाशानन्द चिन्मय: ।
वेद्यान्तरस्पर्शशून्यो ब्रह्मास्वादसहोदर: ।
लोकोत्तर चमत्कार प्राण: कैश्चित्प्रमातृभि: ।
स्वाकारवद भिन्नत्वेनायमास्वाद्यते रस: ।" –
रस के विषय में उपर्युक्त स्थापना किस आचार्य की है ?
(A) आचार्य भरत
(B) आचार्य भट्टनायक
(C) आचार्य अभिनवगुप्त
(D) आचार्य विश्वनाथ

40. निम्नलिखित में से कौन सा नाटक कालिदास के चरित्र से सम्बन्धित नहीं है ?
(A) आठवाँ सर्ग
(B) कन्धे पर बैठा था शाप
(C) शकुन्तला की अँगूठी
(D) आषाढ़ का एक दिन

41. निम्नलिखित साहित्यिक वादों का सही अनुक्रम बताइये :
(A) छायावाद, प्रगतिवाद, प्रपद्यवाद, प्रयोगवाद
(B) छायावाद, प्रयोगवाद, प्रपद्यवाद, प्रगतिवाद
(C) प्रपद्यवाद, छायावाद, प्रयोगवाद, प्रगतिवाद
(D) छायावाद, प्रगतिवाद, प्रयोगवाद, प्रपद्यवाद

42. जीवनकाल की दृष्टि से निम्नलिखित कवियों का सही अनुक्रम है :
(A) सोहनलाल द्विवेदी, सूरदास, केशवदास, जगन्नाथदास रत्नाकर
(B) जगन्नाथदास रत्नाकर, सोहनलाल द्विवेदी, सूरदास, केशवदास
(C) सूरदास, केशवदास, जगन्नाथदास रत्नाकर, सोहनलाल द्विवेदी
(D) केशवदास, सूरदास, जगन्नाथदास रत्नाकर, सोहनलाल द्विवेदी

43. रचनाकाल की दृष्टि से निम्नलिखित कृतियों का सही अनुक्रम है :
(A) कुवलयमालाकथा, राउलवेल, उक्तिव्यक्ति प्रकरण, वर्णरत्नाकर
(B) राउलवेल, कुवलयमालाकथा, उक्तिव्यक्ति प्रकरण, वर्णरत्नाकर
(C) उक्तिव्यक्ति प्रकरण, राउलवेल, कुवलयमालाकथा, वर्णरत्नाकर
(D) वर्णरत्नाकर, उक्तिव्यक्ति प्रकरण, राउलवेल, कुवलयमालाकथा

44. रचनाकाल की दृष्टि से निम्नलिखित कृतियों का सही अनुक्रम बताइये :
(A) साकेत, प्रियप्रवास, तुलसीदास, कृष्णायन
(B) प्रियप्रवास, साकेत, तुलसीदास, कृष्णायन
(C) कृष्णायन, प्रियप्रवास, साकेत, तुलसीदास
(D) तुलसीदास, प्रियप्रवास, साकेत, कृष्णायन

45. रचनाकाल के आधार पर दिनकर की निम्नलिखित कृतियों का सही अनुक्रम है :
(A) दिनकर की डायरी, वट पीपल, संस्कृति के चार अध्याय, मिट्टी की ओर
(B) वट पीपल, संस्कृति के चार अध्याय, मिट्टी की ओर, दिनकर की डायरी
(C) मिट्टी की ओर, संस्कृति के चार अध्याय, वट पीपल, दिनकर की डायरी
(D) संस्कृति के चार अध्याय, मिट्टी की ओर, वट पीपल, दिनकर की डायरी

46. रचनाकाल की दृष्टि से निम्नलिखित उपन्यासों का सही अनुक्रम बताइए :
(A) चित्रलेखा, विराटा की पद्मिनी, बूँद और समुद्र, सुहाग के नूपुर
(B) विराटा की पद्मिनी, चित्रलेखा, बूँद और समुद्र, सुहाग के नूपुर
(C) सुहाग के नूपुर, चित्रलेखा, विराटा की पद्मिनी, बूँद और समुद्र
(D) बूँद और समुद्र, चित्रलेखा, सुहाग के नूपुर, विराटा की पद्मिनी

47. रचनाकाल की दृष्टि से प्रेमचन्द के उपन्यासों का सही अनुक्रम है :
(A) गबन, गोदान, सेवासदन, रंगभूमि
(B) रंगभूमि, गोदान, गबन, सेवासदन
(C) गोदान, गबन, सेवासदन, रंगभूमि
(D) सेवासदन, रंगभूमि, गबन, गोदान

48. रचनाकाल की दृष्टि से निम्नलिखित कहानियों का सही अनुक्रम है :
(A) बड़े भाई साहब, वापसी, डेफोडिल जल रहे हैं, पाल गोमरा का स्कूटर
(B) वापसी, बड़े भाई साहब, पाल गोमरा का स्कूटर, डेफोडिल जल रहे हैं
(C) डेफोडिल जल रहे हैं, पाल गोमरा का स्कूटर, बड़े भाई साहब, वापसी
(D) बड़े भाई साहब, डेफोडिल जल रहे हैं, वापसी, पाल गोमरा का स्कूटर

49. रचनाकाल की दृष्टि से सुरेन्द्र वर्मा के निम्नलिखित नाटकों का सही अनुक्रम बताइये :
(A) छोटे सैयद बड़े सैयद, द्रौपदी, आठवाँ सर्ग, शकुंतला की अँगूठी
(B) शकुंतला की अँगूठी, द्रौपदी, आठवाँ सर्ग, छोटे सैयद बड़े सैयद
(C) द्रौपदी, आठवाँ सर्ग, छोटे सैयद बड़े सैयद, शकुंतला की अँगूठी
(D) आठवाँ सर्ग, द्रौपदी, छोटे सैयद बड़े सैयद, शकुंतला की अँगूठी

www.upscstudymaterials.com

50. रचनाकाल की दृष्टि से निम्नलिखित कृतियों का सही अनुक्रम है :
(A) कुकुरमुत्ता, दीपशिखा, पल्लव, कामायनी
(B) दीपशिखा, पल्लव, कामायनी, कुकुरमुत्ता
(C) कामायनी, पल्लव, दीपशिखा, कुकुरमुत्ता
(D) पल्लव, कामायनी, दीपशिखा, कुकुरमुत्ता

51. रचनाकाल के आधार पर अज्ञेय की निम्नलिखित रचनाओं का सही अनुक्रम है :
(A) आँगन के पार द्वार, हरी घास पर क्षण भर, भग्नदूत, बावरा अहेरी
(B) भग्नदूत, हरी घास पर क्षण भर, बावरा अहेरी, आँगन के पार द्वार
(C) हरी घास पर क्षण भर, भग्नदूत, बावरा अहेरी, आँगन के पार द्वार
(D) बावरा अहेरी, हरी घास पर क्षण भर, भग्नदूत, आँगन के पार द्वार

52. जीवनकाल की दृष्टि से निम्नलिखित रचनाकारों का सही अनुक्रम है :
(A) श्रीधर पाठक, मैथिलीशरण गुप्त, दिनकर, अज्ञेय
(B) मैथिलीशरण गुप्त, श्रीधर पाठक, दिनकर, अज्ञेय
(C) श्रीधर पाठक, दिनकर, मैथिलीशरण गुप्त, अज्ञेय
(D) श्रीधर पाठक, अज्ञेय, दिनकर, मैथिलीशरण गुप्त

53. रचनाकाल की दृष्टि से निम्नलिखित कविताओं का सही अनुक्रम बताइए :
(A) अंधेरे में, असाध्यवीणा, सरोज-स्मृति, पटकथा
(B) असाध्यवीणा, सरोज-स्मृति, पटकथा, अंधेरे में
(C) सरोज-स्मृति, असाध्यवीणा, अंधेरे में, पटकथा
(D) पटकथा, सरोज-स्मृति, असाध्यवीणा, अंधेरे में

54. रचनाकाल की दृष्टि से निम्नलिखित कृतियों का सही अनुक्रम है :
(A) सतरंगे पंखों वाली, युग की गंगा, फूल नहीं रंग बोलते हैं, मिट्टी की बारात
(B) युग की गंगा, सतरंगे पंखों वाली, फूल नहीं रंग बोलते हैं, मिट्टी की बारात
(C) मिट्टी की बारात, युग की गंगा, सतरंगे पंखों वाली, फूल नहीं रंग बोलते हैं
(D) फूल नहीं रंग बोलते हैं, युग की गंगा, मिट्टी की बारात, सतरंगे पंखों वाली

55. ब्राह्मी लिपि के विकास का अनुक्रम है :
(A) ब्राह्मी लिपि, गुप्त लिपि, कुटिल लिपि, देवनागरी लिपि
(B) कुटिल लिपि, ब्राह्मी लिपि, गुप्त लिपि, देवनागरी लिपि
(C) ब्राह्मी लिपि, देवनागरी लिपि, गुप्त लिपि, कुटिल लिपि
(D) देवनागरी लिपि, ब्राह्मी लिपि, कुटिल लिपि, गुप्त लिपि

56. **स्थापना (Assertion) A** : बिम्ब में अर्थ की सम्भाव्यता निहित होती है ।
तर्क (Reason) R : क्योंकि अर्थ हमेशा निश्चित होता है ।
(A) A और R दोनों सही
(B) A गलत R सही
(C) A सही R गलत
(D) A और R दोनों गलत

57. **स्थापना (Assertion) A** : जिस प्रकार आत्मा की मुक्तावस्था ज्ञानदशा कहलाती है, उसी प्रकार हृदय की मुक्तावस्था रसदशा कहलाती है ।
तर्क (Reason) R : क्योंकि कविता में कवि हृदय लोक-सामान्य की भूमि पर पहुँच जाता है ।
(A) A अंशत: सही R सही
(B) A और R दोनों सही
(C) A सही R गलत
(D) A गलत R सही

58. **स्थापना (Assertion) A** : प्रेमचन्द यथार्थवाद से आदर्शवाद को श्रेष्ठ समझते थे ।
तर्क (Reason) R : क्योंकि आदर्शवाद उनकी दृष्टि में सम्पूर्ण जीवन-दृष्टि है ।
(A) A सही R गलत
(B) A और R दोनों गलत
(C) A और R दोनों सही
(D) A गलत R सही

59. **स्थापना (Assertion) A** : कलामात्र के लिए वही साहित्य हो सकता है जो विचारशून्य हो ।
तर्क (Reason) R : क्योंकि कला विचारों से पलायन है ।
(A) A और R दोनों सही
(B) A और R दोनों गलत
(C) A सही R गलत
(D) A गलत R सही

www.upscstudymaterials.com www.upscstudymaterials.com

60. **स्थापना** (Assertion) A : कहानी छोटे मुँह बड़ी बात करती है ।
तर्क (Reason) R : क्योंकि कहानी लघुजीवन खण्ड के माध्यम से एक सम्पूर्ण जीवनबोध या सत्य को प्रकाशित करती है ।
(A) A गलत R गलत
(B) A गलत R सही
(C) A और R दोनों सही
(D) A सही R गलत

61. **स्थापना** (Assertion) A : नाटक केवल चाक्षुष यज्ञ है ।
तर्क (Reason) R : क्योंकि आधुनिक मान्यता है कि नाटक में दृश्य की तुलना में श्रव्य तत्त्व कम महत्वपूर्ण होता है ।
(A) A और R दोनों सही
(B) A और R दोनों गलत
(C) A गलत R सही
(D) A सही R गलत

62. **स्थापना** (Assertion) A : साहित्य जनसमूह के हृदय का विकास है ।
तर्क (Reason) R : क्योंकि साहित्य का लक्ष्य केवल मनुष्य का चरित्र निर्माण है ।
(A) A सही R सही
(B) A और R दोनों गलत
(C) A गलत R सही
(D) A सही R गलत

63. **स्थापना** (Assertion) A : काव्य आत्मा की संकल्पात्मक अनुभूति है । जिसका सम्बन्ध विश्लेषण, विकल्प या विज्ञान से नहीं है ।
तर्क (Reason) R : क्योंकि विज्ञान का सम्बन्ध संवेदना से नहीं होता ।
(A) A और R दोनों गलत
(B) A और R दोनों सही
(C) A गलत R सही
(D) A सही R गलत

64. **स्थापना** (Assertion) A : संस्कृति के विकास के लिए मानसिक स्वतंत्रता अनिवार्य है ।
तर्क (Reason) R : क्योंकि संस्कृति एक मानसिक व्यापार है ।
(A) A और R दोनों गलत
(B) A गलत R सही
(C) A सही R गलत
(D) A और R दोनों सही

65. **स्थापना** (Assertion) A : स्त्री पैदा नहीं होती बनाई जाती है ।
तर्क (Reason) R : क्योंकि समाज उसे जन्म से वहीं संस्कार प्रदान करता है ।
(A) A सही R गलत
(B) A और R दोनों सही
(C) A गलत R सही
(D) A और R दोनों गलत

66. निम्नलिखित पंक्तियों को उनके कवियों के साथ सुमेलित कीजिए :

(a) शलभ मैं शापमय वर हूँ	(i) सुमित्रानंदन पंत
(b) दु:ख ही जीवन की कथा रही	(ii) बच्चन
(c) वियोगी होगा पहला कवि	(iii) निराला
(d) जो बीत गयी सो बात गयी	(iv) महादेवी वर्मा
	(v) जयशंकर प्रसाद

	(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	(ii)	(i)	(iv)	(iii)
(B)	(iii)	(iv)	(ii)	(i)
(C)	(iv)	(iii)	(i)	(ii)
(D)	(i)	(iv)	(iii)	(ii)

67. निम्नलिखित पात्रों को उनके नाटकों के साथ सुमेलित कीजिए :

(a) मल्लिका	(i) देहान्तर
(b) देवसेना	(ii) आषाढ़ का एक दिन
(c) शीलवती	(iii) स्कंदगुप्त
(d) शर्मिष्ठा	(iv) कोमल गांधार
	(v) सूर्य की अंतिम किरण से सूर्य की पहली किरण तक

	(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	(v)	(ii)	(i)	(iii)
(B)	(iii)	(ii)	(i)	(v)
(C)	(ii)	(iii)	(v)	(i)
(D)	(i)	(ii)	(iii)	(v)

68. निम्नलिखित आंचलिक उपन्यासों को उनके लेखकों के साथ सुमेलित कीजिए :

(a) रतिनाथ की चाची	(i) रांगेय राघव
(b) परती परिकथा	(ii) नागार्जुन
(c) कब तक पुकारूँ	(iii) रामदरश मिश्र
(d) पानी के प्राचीर	(iv) फणीश्वरनाथ रेणु
	(v) हिमांशु श्रीवास्तव

	(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	(i)	(iii)	(iv)	(v)
(B)	(ii)	(iv)	(v)	(iii)
(C)	(iii)	(i)	(v)	(ii)
(D)	(ii)	(iv)	(i)	(iii)

69. निम्नलिखित कवियों के साथ उनकी कृतियों को सुमेलित कीजिए :

(a) चिंतामणि (i) छत्रसाल दशक
(b) मतिराम (ii) काव्य मंजरी
(c) भूषण (iii) वृत्त कौमुदी
(d) बोधा (iv) विरह वारीश
(v) कवि कुलकल्पतरु

	(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	(iii)	(ii)	(iv)	(v)
(B)	(v)	(iii)	(i)	(iv)
(C)	(iv)	(iii)	(i)	(ii)
(D)	(ii)	(i)	(v)	(iv)

70. निम्नलिखित आचार्यों को उनके सिद्धान्तों के साथ सुमेलित कीजिए :

(a) वल्लभाचार्य (i) विशिष्टाद्वैतवाद
(b) निम्बार्काचार्य (ii) अद्वैतवाद
(c) रामानुजाचार्य (iii) द्वैतवाद
(d) मध्वाचार्य (iv) द्वैताद्वैतवाद
(v) शुद्धाद्वैतवाद

	(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	(v)	(iv)	(i)	(iii)
(B)	(i)	(ii)	(iv)	(iii)
(C)	(iii)	(iv)	(i)	(ii)
(D)	(ii)	(i)	(iv)	(v)

71. निम्नलिखित कृतियों को उनके कवियों के साथ सुमेलित कीजिए :

(a) चांदायन (i) कुतुबन
(b) मृगावती (ii) मंझन
(c) अखरावट (iii) मुल्ला दाउद
(d) मधुमालती (iv) जायसी
(v) दामोदर कवि

	(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	(ii)	(iii)	(i)	(v)
(B)	(i)	(ii)	(iii)	(iv)
(C)	(ii)	(iv)	(v)	(i)
(D)	(iii)	(i)	(iv)	(ii)

72. निम्नलिखित कवियों को उनकी कृतियों के साथ सुमेलित कीजिए :

(a) स्वयंभू (i) संदेशरासक
(b) पुष्पदंत (ii) पउम चरिउ
(c) अब्दुल रहमान (iii) महापुराण
(d) शबरपा (iv) राउलवेल
(v) चर्यापद

	(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	(i)	(ii)	(iii)	(iv)
(B)	(ii)	(iii)	(i)	(v)
(C)	(v)	(ii)	(iii)	(i)
(D)	(iii)	(ii)	(i)	(iv)

73. भाषा की उत्पत्ति के संबंध में निम्नलिखित सिद्धान्तों को उनके प्रतिपादकों के साथ सुमेलित कीजिए :

(a) धातु सिद्धान्त (i) स्वीट
(b) यो हे हो सिद्धान्त (ii) रेवेज
(c) इंगित सिद्धान्त (iii) राये
(d) सम्पर्क सिद्धान्त (iv) न्वायर
(v) हेज़

	(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	(iii)	(ii)	(iv)	(v)
(B)	(iv)	(v)	(iii)	(ii)
(C)	(v)	(iv)	(iii)	(ii)
(D)	(ii)	(iv)	(v)	(iii)

74. निम्नलिखित आचार्यों को उनके सिद्धान्तों के साथ सुमेलित कीजिए :

(a) भट्ट लोल्लट (i) अनुमितिवाद
(b) शंकुक (ii) अभिव्यक्तिवाद
(c) भट्टनायक (iii) भुक्तिवाद
(d) अभिनव गुप्त (iv) अभिव्यंजनावाद
(v) उत्पत्तिवाद

	(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	(i)	(v)	(iii)	(ii)
(B)	(v)	(i)	(iii)	(ii)
(C)	(iii)	(ii)	(v)	(i)
(D)	(ii)	(iii)	(i)	(v)

75. निम्नलिखित पत्रिकाओं को उनके संपादकों के साथ सुमेलित कीजिए :

(a) प्रतीक (i) बनारसीदास चतुर्वेदी
(b) विशाल भारत (ii) अज्ञेय
(c) कर्मवीर (iii) महादेवी वर्मा
(d) चाँद (iv) माखनलाल चतुर्वेदी
(v) प्रेमचंद

	(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	(iv)	(iii)	(ii)	(i)
(B)	(iii)	(i)	(iv)	(iii)
(C)	(i)	(ii)	(iii)	(iv)
(D)	(ii)	(i)	(iv)	(iii)

www.upscstudymaterials.com www.upscstudymaterials.com

Space For Rough Work

www.upscstudymaterials.com

UGC - NET JUNE 2012

PAPER : PAPER III

OPTION :

SUBJECT :(20)HINDI

QNO	KEY	QNO	KEY	QNO	KEY	QNO	KEY
1	C	26	C	51	B	76	
2	D	27	D	52	A	77	
3	A	28	B	53	C	78	
4	B	29	A	54	B	79	
5	C	30	C	55	A	80	
6	C	31	B	56	C	81	
7	B	32	D	57	B	82	
8	D	33	B	58	A	83	
9	B	34	C	59	B	84	
10	D	35	A	60	C	85	
11	B	36	C	61	B	86	
12	A	37	B	62	D	87	
13	C	38	B	63	B	88	
14	D	39	D	64	D	89	
15	B	40	C	65	B	90	
16	A	41	D	66	C	91	
17	C	42	C	67	C	92	
18	B	43	A	68	D	93	
19	C	44	B	69	B	94	
20	A	45	C	70	A	95	
21	D	46	A	71	D	96	
22	C	47	D	72	B	97	
23	B	48	A	73	C	98	
24	B	49	C	74	B	99	
25	A	50	D	75	D	100	

www.upscstudymaterials.com